तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 12.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025



12 फूल रंगोली प्रतियोगिता में कविता ने मारी बाजी





12 दूसरों को देने के भाव से मिलेगी तनाव से मुक्ति




## खबर संक्षेप

### चोरी का आरोपी पकड़ा नौ मोबाइल बरामद

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस की टीम ने कृष्णा गार्डन कॉलोनी में दुकान से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी हिमांशु उर्फ बनिया निवासी बलजीत नगर को जीटी रोड स्थित अनाज मंडी कट के पास से गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी से विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए नौ मोबाइल फोन बरामद किए है। वहीं मोबाइल चोरी की एक घटना थाना चांदनी बाग में हरिओम पुत्र जोगिंद्र निवासी नांगल खेड़ी की शिकायत पर दर्ज है।

### राहगीरों से लूट व हमले के पांच आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने राहगीरों से लूटपाट व हमले की वारदात को अंजाम देने वाले सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना समेत पांच आरोपियों सोहेल उर्फ रियाज पुत्र रफीक, साहिल पुत्र नसीम, अनस उर्फ पंपा पुत्र सददीक, सुहेल पुत्र हबीबू व चांद पुत्र शकिल निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लूट व चोरी की 4 वारदातों का खुलासा हुआ है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि लूट की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अमित पुत्र सोमपाल निवासी साई कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### दो किसानों के खेतों से चार मोटरें चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव उंटला निवासी किसान कृष्ण कुमार ने बताया कि ड्रेन नंबर आठ पर उन्होंने अपने खेतों की सिंचाई के लिए तीन मोटर लगाई थीं। इनमें एक साढ़े सात हॉर्स पावर की और दो पांच हॉर्स पावर की मोटर थीं। उनके पड़ोसी लखमी ने भी एक पांच हॉर्स पावर की मोटर लगा रखी थी। वहीं चोरों ने मोटरें चोरी कर ली। चोरी की इस घटना से दोनों किसानों का लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। जबकि थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल हैक कर खाते से निकाले 48 हजार

**यमुनानगर।** शहर की विष्णु नगर निवासी इंद्रजीत सिंह का मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने उसके दो अकाउंट से 48 हजार रुपए निकाल लिए। जब उसे अकाउंट से पैसे निकालने की जानकारी मिली तो उसने सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। विष्णु नगर निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि दो फरवरी को वह अपने घर पर बैठा था। इस दौरान साइबर ठगों ने उसका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उसके एचडीएफसी बैंक तथा एसबीआई के अकाउंट से 48098 निकल लिए। जब कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर उसके अकाउंट से पैसे निकालने का मैसेज आया तो यह देखकर वह हैरान रह गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### इस्माईलाबाद की अनाजमंडी में मुख्यमंत्री ने की मन की बात साझा

# शहरों के संतुलित विकास के लिए किया रोड मैप तैयार : नायब सैनी

- 12 मार्च के बाद शहरों का विकास तेज गति के साथ शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** इस्माईलाबाद अनाजमंडी में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के शहरों में संतुलित विकास करने के लिए संकल्प पत्र के माध्यम से विकास का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। इस योजना के तहत 12 मार्च के बाद प्रदेश सरकार अपने वायदे के अनुसार शहरों का विकास कार्य तीन गुणा तेज गति के साथ शुरू कर देगी। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस्माईलाबाद शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की गारंटी ली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को इस्माईलाबाद अनाजमंडी में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के साथ हरियाणा प्रदेश के शहरों और गांवों का विकास तीन गुणा तेज गति के साथ ट्रिप्पल इंजन की सरकार करेगी।

इस सरकार ने लोकसभा, विधानसभा से पहले प्रदेश की जनता के साथ जो वायदे किए थे, उन वायदों को शपथ लेने से पहले ही पूरा करने का काम शुरू कर दिया था। यह सरकार अपने एक-एक वायदे को समय रहते पूरा करने का काम करेगी। 20 साल से अधिक समय से किराये या लीज अथवा लाइसेंस फीस पर चल रही पालिकाओं की दुकानों व मकानों की मलकीयत उन पर काबिज व्यक्तियों को ही दी जाएं। इसके लिए हमने एक नीति बनाई कि, जिसमें काबिज व्यक्ति को मालिकाना हक के लिए कलैक्टर रेट से भी कम रेट की अदायगी करनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार अपने संकल्पों को पूरा कर रही हैं। तीसरे कार्यकाल के चार मास ही पूरे हुए हैं और सरकार ने 18 वायदे पूरे कर दिये हैं। नगर निकाय के चुनाव के 21 वायदे भी इसी तरह तीन गुणा गति से पूरे करेंगे। नगर निकायों का यह चुनाव शहर के विकास को तय करता है। शहर प्रदेश के विकास का आइना होते हैं। इसलिए सरकार शहरों व कस्बों में इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत बनाने पर विशेष बल दे रही हैं। इस सरकार ने इस्माइलाबाद में भी विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। अम्बाला कोटपुतली ग्रीनफील्ड कॉरिडोर-एनएच 152-डी 10,646 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया। इससे इस नगर की कनेक्टिविटी बढ़ी है। अम्बाला-हिसार वाया कैथल राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर-10 फोर लेन का निर्माण 1200 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। इस्माइलाबाद में जलापूर्ति को बढाने, शहर की सडकों की मरम्मत, सफाई आदि के काम लगातार किए हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा महिला की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, हरियाणा विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड के चेयरमैन जयसिंह पाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र बाखली, मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, प्रिंस मंगला, सुखबीर रुआ, रविन्द्र सांगवान, सुरेन्द्र माजरी, राजेन्द्र पुरी, चिंरजीवी, मोहित शर्मा एडवोकेट, सोनू अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

# अवैध खनन पर कार्रवाई जारी : एसडीएम नरेंद्र



**यमुनानगर।** रादौर में वाहनों की चैकिंग करती पुलिस टीम।

- रादौर के त्रिवेणी चौक पर किया वाहनों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के निर्देशानुसार जिला में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कुमार ने बताया कि पंचायत विभाग सचिव, खनन विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा त्रिवेणी चौक रादौर में नाका पर 355 वाहनों की चैकिंग की गई। इसी प्रकार गुमथला चौकी नाका पर 177 वाहनों का निरीक्षण किया गया। चैकिंग के दौरान एक वाहन चालक बिना लाइसेंस के वाहन चलाता पाया गया जिसका पुलिस द्वारा 5 हजार रुपये का चालान किया गया। एसडीएम नरेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी नाकों पर सभी टीमों को मुस्तैद रहने और निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए सभी टीमें काम कर रही हैं। उन्होंने चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को मदिरा सेवन न करने के लिए प्रेरित किया और निर्धारित नियमों के अनुसार खनन परिवहन के बारे में अवगत करवाया।

# अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कें व नींव ढहाई

- गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही थी कॉलोनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना



**मुलाना।** अवैध कॉलोनियों में हुए निर्माण को ढहाती जेसीबी।

जिला नगर योजनाकार के दस्ते ने गांव मुलाना में लगभग 4 एकड़ तथा गांव बुढियों में लगभग 0.4 एकड़ गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही कॉलोनी में हुए अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। दोनों कॉलोनियों में जांच टीम ने बनी कच्ची सडक़ों के जाल तथा नीवों को पूर्ण रुप से धवस्त कर दिया। मौका पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, अभिषेक भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आम जनता से अपील की कि वे ऐसी किसी कॉलोनी में जमीन की खरीद फरोख्त न करें। उन्होंने कहा कि अक्सर प्रॉपर्टी डीलर ऐसी कॉलोनियों में निजी फायदे के लिए जनता को धोखे से सस्ते प्लाट बेचने का लालच देकर उनकी जमा पूंजी हड़प जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कॉलोनियों में जमीन की खरीद फरोख्त करना कानून अपराध है। इसके लिए कॉलोनाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के लिए चेतावनी दी है।

# वेरिफिकेशन करने आए सीबीआई इंस्पेक्टर से मारपीट, मामला दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा उपमंडल के गांव मंगना में दुबई से लौटे युवक के घर पर वेरिफिकेशन के लिए दिल्ली से आए सीबीआई इंस्पेक्टर के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक युवक को नामजद करते हुए अन्य युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सीबीआई उप निरीक्षक इंदजीत आर्य ने बताया कि वह गांव मंगना में निशान सिंह के घर पर वेरिफिकेशन के लिए गया था। घर पर जाकर उन्होंने निशान सिंह के बेटे जसकरण के बारे पूछताछ की। जसकरण ने विदेश में यात्रा की थी। उसके पिता निशान सिंह ने बताया कि जसकरण रिश्तेदारी में गया हुआ है। फिर चुपके से निशान सिंह ने बाहर से 5-6 लड़कों को बुलाया और बाहर से आए सभी 5-6 लड़कों ने आकर मुझे गाली गलौच करना एवं मारना पीटना शुरू कर दिया। मुझे नीचे गिरा लिया और कस कर पकड़ लिया और उनमें से एक मेरी छाती पर मेरा गला दबाकर बैठ गया और वह कह रहा था, इसको जान से मारना है। आरोपियों ने सरकारी कागजात भी फाड़ दिए। फिर वहां अचानक पुलिस के आ जाने पर मेरी जान बच पाई।

# नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को 10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपियों को कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में संजीव कुमार उर्फ संजू वासी बीटा व ललित उर्फ लल्ली वासी पतरेहडी जिला अम्बाला को 10/10 वर्ष कारावास व 1/1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 7 सितम्बर 2017 को अपराध अन्वेषण शाखा -1 के सहायक उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह व मुख्य सिपाही नवदीप सिंह की टीम अपराध तलाश में जिंदल चौंक कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। पुलिस टीम को मोटरसाइकिल पर दो नौजवान लड़के उमरी चौंक पर आते हुए दिखाई दिये जिनको पुलिस टीम ने शक के आधार पर काबू किया। युवकों की पहचान संजीव कुमार उर्फ संजू वासी बीटा व ललित उर्फ लल्ली वासी पतरेहडी जिला अम्बाला के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा उनकी तलाशी लेने पर आरोपियों से 35 किलो गांजा बरामद हुआ था। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर थानेसर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले में जांच पूरी होने के पश्चात पुलिस ने मामले का चालान माननीय अदालत में दे दिया था।

# खैर की लकड़ी समेत तस्कर को किया काबू

- गाड़ी से बरामद हुए खैर के 25 पीस, आरोपी पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

थाना प्रताप नगर पुलिस ने गांव नागलपट्टी के पास से जंगल से खैर की लकड़ी गाड़ी में लोड करके बचने के लिए जा रहे खैर तस्कर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान गाड़ी से खैर के 25 पीस बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब 50 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रताप नगर में तैनात एएसआई जगपाल सिंह ने बताया कि रात को वह टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव नागलपट्टी के पास खैर तस्कर जंगल से खैर की लकड़ी काटकर उसे गाड़ी में भरकर बचने के लिए जा रहे हैं। उसने टीम के साथ गांव नागलपट्टी के पास वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें एक टाटा योद्धा गाड़ी आती दिखाई दी। जब उन्होंने गाड़ी को रोककर चेक किया तो उसमें खैर के 25 पीस भरे हुए थे। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए है। उसने खैर की लकड़ी को बरामद कर गाड़ी से गांव नागलपट्टी निवासी मासूम उर्फ छोटा को हिरासत में लिया।

# ऐसे समाज का निर्माण करें जहां सबके लिए सम्मान हो : चंद्रशेखर

- साहित्य हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज बनें : डॉ. एसडी शर्मा
- डीएवी कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल




डीएवी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से समकालीन साहित्य में हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में करनाल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र शेखर व विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायाधीश ईराम हसन ने शिरकत की।

कार्यक्रम में डीएवी पीजी कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान नाथीराम गुप्ता कार्यक्रम अध्यक्ष के रुप में विराजमान रहे। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे एसडी शर्मा मौजुद रहे। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र शेखर ने कहा कि न्याय की प्रक्रिया उन लोगों के लिए और व्यवस्थित करने की आवश्यकता है जिन्हें इसकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से समुदाय आज भी है जिनको समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें सम्मान देने के लिए कार्य किए जाने चाहिए। समाज में सबको अधिकार, अवसर, शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए जो हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें उनकी पैरवी करनी होगी, समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि हमें एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए आगे बढ़ना चाहिए जहां सबको सम्मान अवसर प्राप्त हो। वशिष्ट अतिथि न्यायाधीश ईराम हसन ने कविता के माध्यम से समाज में जरूरतमंदों एवं अभाव में जी रहे वंचितों की आवाज को बुलंद किया। मुख्य वक्ता डॉ एस डी शर्मा ने कहा कि समाज में आज भी दलितों, महिलाओं, आदिवासियों और अन्य अभाव में जी रहे लोगों की दास्तान सुनाई पड़ती होगी, जिन्हें किसी न किसी रूप में असमानता का सामना करना पड़ रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि साहित्य के जरिए हाशिए पर पड़ें लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए हमें प्रयास करने चाहिए। डॉ दिनेश दधिचि ने ओम प्रकाश वाल्मीकि द्वारा रचित द्वारा भारतीय ग्रामीण जीवन में काम और स्वामित्व की अवधारणाओं को स्पष्ट करने का प्रयास किया। सेमिनार में अलग-अलग सत्रों में भक्त फुल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां से अंग्रेजी विभाग के चेयरपर्सन डॉ रवि भूषण ने पाली साहित्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

#### साहित्य से समाज में बदलाव संभव : पराशर

एसडीपीजी कॉलेज पानीपत से डॉ संतोष तृप्ता ने लगाकर माथे पर बिंदी कविता के जरिए आत्मनिर्भर महिलाओं की समाज में भागीदारी एवं योगदान को प्रस्तुत किया। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के प्रवक्ता डॉ राजबीर पराशर ने विदाई सत्र में अपने अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि साहित्य से समाज में बदलाव संभव है। हमें प्रयास करने चाहिए।

### यमुनानगर बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, सभी पदों पर युवा विजयी

# 607 मत हासिल कर विक्रांत सिंह चौहान बने बार प्रधान

- एसोसिएशन के कुल 1597 में से 1486 ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** बार एसोसिएशन चुनाव में विजेता बने प्रधान विक्रांत सिंह चौहान समेत अन्य विजेताओं को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते उनके समर्थक।

जिला बार एसोसिएशन यमुनानगर के शुक्रवार को हुए चुनाव में एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान ने 607 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्धि रहे दिनेश सिंह चौहान को 163 मतों से शिकस्त देकर प्रधान पद पर कब्जा जमा लिया है।

खास बात यह है कि एसोसिएशन के सभी पदों पर विजयी हुए उम्मीदवार युवा हैं। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए कुल 1597 मतदाता थे। जिनमें से कुल 1486 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एडवोकेट गुरमेल सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी एडवोकेट गुरजीत सिंह सांगवान ने बताया कि एसोसिएशन के चुनाव में कुल 1597 मतदाता थे। जिनमें से 1486 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिनमें सबसे अधिक मत अधिवक्ता विक्रांत सिंह चौहान को पड़े और उन्होंने 607 मत हासिल कर प्रधान पद पर कब्जा जमा लिया। वहीं दूसरे नंबर पर रहे एडवोकेट दिनेश सिंह चौहान को 444 मत मिले। जबकि तीसरे उम्मीदवार राजीव सिंह चहल को 431 मत मिले। वहीं, उप प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिनमें सोनिया रोहिला ने 1069 मत हासिल कर उप प्रधान पद पर कब्जा जमा लिया। उन्होने अपनी प्रतिद्वंदी रही एडवोकेट नीलम सेनी को 668 मतो के अंतर से हरा दिया। उनकी प्रतिद्वंदी रही एडवोकेट नीलम सेनी को कुल 401 मत मिले।इसी तरह महासचिव के पद पर भी दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला रहा। जिनमें एडवोकेट विशाल गर्ग अग्रवाल ने 885 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्धि रहे एडवोकेट भूपेंद्र सिंह को 297 मतों से हराकर महासचिव के पद पर कब्जा जमा लिया। एडवोकेट भूपेंद्र सिंह को 588 मत मिले। वहीं, संयुक्त सचिव के पद पर दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। जिनमें एडवोकेट शुभम गौतम ने 917 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्धि रहे हिमांशु मदान को 360 मतों से हराकर संयुक्त सचिव का पद जीत लिया। उनके प्रतिद्वंद्धि रहे एडवोकेट हिमांशु मदान को कुल 557 मत मिले। इसी तरह कैशियर के पद पर भी दो उम्मीदवारो के बीच मुकाबला रहा। जिनमें शुभम पाल ने 1084 मत हासिल कर केशियर के पद पर कब्जा जमा लिया।

उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी रहे एडवोकेट पंकज बसातीया को 696 मतों से हरा दिया। एडवोकेट पंकज बसातीया को कुल 388 मत मिले। चुनाव अधिकारी एडवोकेट गुरमेल सिंह व सहायक चुनाव अधिकारी गुरजीत सिंह सांगवान ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी।

# पानीपत जिला बार के प्रधान बने सुरेंद्र दुहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत जिला बार एसोसिएशन चुनाव में सुरेंद्र दुहन ने अध्यक्ष पद पर 280 वोटों से जीत दर्ज की है। सुरेंद्र दुहन ने दो बार के प्रधान रहे अमित कादियान को पराजित किया है। जबकि उप प्रधान पद पर आशिमा कौशिक ने सुनीता कश्यप से 945 वोटों से हराया। सह सचिव पद पर यमन बठला ने विकास गहल्याण को 160 वोटों से हराया। वहीं कैशियर पद पर राकेश अहलावत ने दीपक मुदगिल को 661 वोटों से हराया। जबकि सचिव पद पर संदीप शांडिल्य निर्विरोध चुने जा चुके हैं। वहीं, पानीपत की बार 93 साल पुरानी है। इधर, सुरेंद्र ने अपनी जीत के लिए सभी वकीलों का आभार जताते हुए कहा कि वे बार क तरक्क के लिए कार्य करेंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे।

# करनाल नगर निगम के 20 वार्डों में कुल 3 लाख 1 हजार 915 मतदाता, 265 पोलिंग बूथ

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि आगामी 2 मार्च, 2025 को करनाल जिला में नगर निकाय चुनाव होने हैं। मतदाता अधिक से अधिक संख्या में मतदान के दिन अपने घरों से निकलें और मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील भी की है। डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल जिला में जहां-जहां चुनाव है, वहां सभी बूथ पर जिला प्रशासन करनाल की ओर से आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। सभी पोलिंग बूथ पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथ पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात होंगे, वहां पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके अतिरिक्त सभी बूथ पर पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था की गई है।

### करनाल नगर निगम में ये हैं कुल मतदाता

- 1 लाख 56 हजार 19 पुरुष मतदाता
- 1 लाख 45 हजार 890 महिलाएं मतदाता
- 6 ट्रांसजेंडर मतदाता
- करनाल नगर निगम में कुल 265 पोलिंग बूथ हैं।

### करनाल नगर निगम में ये हैं संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथ

**संवेदनशील बूथ**

- महिला महाविद्यालय, रेलवे रोड, करनाल (146-148)
- गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, बांसो गेट, करनाल (104, 105, 116, 117)
- आरएस पब्लिक स्कूल, मीरा घाटी चौक, करनाल (106, 107)
- कर्ण पब्लिक स्कूल, करनाल (133, 135)
- इंदिरा कॉलोनी, हाल कोड़ी, करनाल (149,187)
- गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेलवे रोड, करनाल (150)
- कनिका पब्लिक स्कूल, विकास कॉलोनी, करनाल (230)

**अति संवेदनशील बूथ**

- श्री रघुनाथ हाई स्कूल, सदर बाजार, करनाल (130, 131)
- कर्ण पब्लिक स्कूल, करनाल (134, 136)
- एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल, हासी रोड, करनाल (162-164, 191-192)
- गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, फूसगढ़, करनाल (33-35)
- प्रकाश पब्लिक स्कूल फूसगठ रोड, करनाल (36-41)
- विजेता पब्लिक स्कूल, कर्ण विहार. करनाल (88-90)
- आजाद पब्लिक स्कूल, कर्ण विहार, करनाल (92-95)
- गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामनगर, करनाल (156 160-161, 172. 174)
- एसडी बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामनगर, करनाल (195, 196, 206)

## खबर संक्षेप

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**घरौंडा।** राजकीय महाविद्यालय की ओर से गांव ज्ञानपुरा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुभारंभ किया गया है। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य महेंद्र सिंह बागी ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में समाज से जुड़ने की पहल करे। पहले दिन स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर एक लेक्चर का आयोजन करवाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर राजवीर सिंह ने शिरकत की।

### उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन हुआ सख्त

**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने रविवार को होने वाले नगर निगम करनाल, असंध नगर पालिका अध्यक्ष उप-चुनाव व नगर पालिका इंद्री, तरावड़ी व नीलोखेड़ी चुनाव और 2 मार्च को होने वाली मतगणना के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला में सभी मतदान और मतगणना केंद्रों से 100 मीटर की परिधि में किसी भी सेलुलर फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस फोन आदि को ले जाने और उपयोग करने पर पाबंदी लगाई है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आदेश जारी किये गए हैं। उन्होंने बताया कि वोट डालने वाले मतदाताओं को छोडक़र, चुनाव डयूटी व कानून व्यवस्था पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदेशों में छूट दी गई है।

### 5वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव इंद्री में 2 को

**इंद्री।** इंद्री मे 5वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव रामलीला ग्राउंड इंद्री में 2 मार्च को मनाया जाएगा । इस बारे में जानकारी देते हुए खाटू श्याम परिवार इंद्री के सदस्य सुरेश कुमार, सुमित कुमार, देवेंद्र कुमार, पवन कुमार व राजेंद्र कुमार आदि ने बताया कि 2 मार्च को इंद्री के रामलीला ग्राउंड में पांचवा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसमें श्याम बाबा अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में भजन गायक परविंद्र पलक, सोनू सिंगला व शोयब भजनों के द्वारा श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे ।

### करनाल में हुआ खुला भ्रष्टाचार : मनोज वधवा

**करनाल।** नगर निगम चुनाव सरगर्मियों के बीच कांग्रेस प्रत्याशी मनोज वधवा ने शहर के सेक्टर-12 में 'करनाल की अदालत' कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी पर जमकर निशाना साधा। मनोज वधवा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राज में शहर में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ है। करनाल सीएम सिटी व स्मार्ट सिटी होने के बाद भी विकास के क्षेत्र में पीछे रहा, लेकिन भाजपा वालों के पास इसका कोई जवाब नहीं है। इसलिए भाजपा मेयर प्रत्याशी खुले मंच पर बहस करने से बच रही और इसी कारण /"करनाल की अदालत/" प्रोग्राम में खुली बहस पर नहीं पहुंची। मनोज वधवा ने कहा कि जब वह नगर निगम में डिप्टी मेयर थे, तो उन्होंने करनाल शहर के विकास के लिए कई योजनाओं व मुद्दों को मीटिंग में रखने का काम किया।

## नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत

# देश से कांग्रेस के सफाए की शुरुआत करनाल से होगी: ज्ञान चंद गुप्ता

### संगठनात्मक बैठक में प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने दिया कार्यकर्ताओं का जीत का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने आज अनमोल गार्डन में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें मुख्य तौर पर हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता, करनाल विधायक जगमोहन आनंद,जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता,पूर्व विधायक रमेश कश्यप, यशपाल ठाकुर, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता,जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर,जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार तिरलोचन सिंह, अशोक खुराना मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा ज्ञान चंद ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज देश में पूरा वातावरण भाजपा के पक्ष में चल रहा केंद्र में भाजपा की सरकार के साथ साथ प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है और जिस प्रकार नगर निगम चुनावों में करनाल में भाजपा का माहौल है इससे स्पष्ट है कि इन चुनावों में कांग्रेस का सफाया तय है ।इस जीत का इतिहास रचने का काम करनाल की जनता और कार्यकर्ता रचने का काम कर रहे हैं और कांग्रेस मुक्त भारत की शुरुआत करनाल से ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के पश्चात हो जाएगी। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद ने कार्यकर्ताओं को दिशानिर्देश देते हुए कहा कि हालांकि हम निगम की सभी सीटों पर जीत हासिल करने जा रहें हैं मगर चुनाव को चुनाव की दृष्टि से लड़ते हुए हमें पूरी मेहनत से काम करना है। कार्यक्रम में उपस्थित मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। बैठक में जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने भी इस संगठनात्मक बैठक चुनाव के अवसर पर बूथ पर होने वाले कार्यों के बारे दिशा निर्देश जारी किए। इस बैठक में नगर निगम क्षेत्र के बूथों के त्रिदेव, पोलिंग एजेंट, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख, वार्ड प्रमुख, मंडल अध्यक्ष तथा महामंत्री एवं सभी भाजपा के वार्ड प्रत्याशियों सहित अन्य चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

!!

कार्यकर्ताओं की इस बैठक को सम्बोधित करते प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि हमें हर बूथ को जीतना है इसलिए किसी भी प्रकार से हमें कमजोर नहीं होना है और पूरी मजबूती से घर घर जाकर सभी वोटरों से सम्पर्क साधना है।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल के बच्चें। फोटो : हरिभूमि

# गीता मॉडर्न स्कूल में मनाया विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

- छात्रों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया

गीता मॉडर्न स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा चौथी से आठवीं के छात्रों ने बढ़ चढक़र भाग लिया और अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा चौथी और पांचवी के छात्रों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों का विज्ञान संबंधी ज्ञान परखा गया और उनकी सोच को प्रोत्साहित किया गया। कक्षा छठी के छात्रों के लिए विज्ञान पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान से जुड़ी रोचक पहेलियां को हल करने का छात्रों को अवसर मिला। कक्षा सातवीं और आठवीं के छात्रों ने मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने पर्यावरण ,ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी पर आधारित विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा नवमी और ग्यारहवीं के छात्रों ने आवर्त सारणी प्रतियोगिता में भाग लिया। इन सभी प्रतियोगिताओं की तैयारी विज्ञान और गणित के अध्यापक स्मृति ,विशांत और राजविंदर ने करवाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और छात्रों को प्रेरित करने में सहायक होते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय ने छात्रों के उत्साह और रचनात्मकता की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह आयोजन विज्ञान शिक्षा को रोचक और व्यावहारिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सभी विजेता छात्रों को प्रमाण- पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बरसात में भी योग को लेकर रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क योग कक्षा के ग्रीष्मकालीन सत्र का शुभारंभ किया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों से इस पार्क में लगाई जा रही मिशन की सबसे पुरानी योग कक्षा में आज प्रातः बरसात के बावजूद भी योग साधकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी। सभी योग साधक समय पर आकर कक्षा में डटे रहे और सभी योग क्रियाएं की। उन्होंने दिन की शुरुआत योगिक क्रियाओं से करवाई और फिर तरह-तरह के आसन, सूर्य नमस्कार और सभी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। कक्षा के शिक्षकों शिक्षिकाओं नीलम बटला, निधि गुप्ता, वीना धीर, एनफ़ चौधरी ने विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने।इस दौरान कि प्रातः काल के समय यौगिक सूक्ष्म व्यायाम करने से शरीर के हर अंग का व्यायाम होता है। शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है। शरीर में ऊर्जा का प्रवाह जागृत होता है और हम दिन भर एक्टिव रह सकते हैं। सभी योग साधकों ने बरसात के बावजूद भी दृढ़ निश्चय के साथ योग का आनंद लिया। कक्षा में साधक अजय कंबोज, नरेंद्र चौधरी, रामपाल, रविंदर, सांगवान, मनोज कक्कड़, शैलेन्द्र नन्दवानी, विक्की, मीनू ,निर्मला, नीलम आदि मौजूद थे।

# भाविप पड़वाला के नौंवी बार अध्यक्ष बने रामपाल

- !वार्षिक बैठक में परिषद से जुड़े सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी



तरावड़ी। रामपाल लाठर का अध्यक्ष बनने पर फूल मालाओं से स्वागत करते सदस्य।

भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला की वार्षिक बैठक का आयोजन तरावड़ी अनाज मंडी स्थित कार्यालय में किया गया। जिसमें परिषद से जुड़े सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान अध्यक्ष रामपाल लाठर ने पिछले दो वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों की देखरेख में परिषद की शाखा पड़वाला के आगामी दो वर्ष के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नौवीं बार समाजसेवी रामपाल लाठर को भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला का अध्यक्ष चुना गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनने के बाद गणमान्य लोगों व सदस्यों ने रामपाल लाठर का फूल मालाओं से स्वागत किया। फिर से दो वर्ष के लिए भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला के अध्यक्ष बने रामपाल लाठर ने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें मिली हैं वह उस पर खरा उतरेंगे। परिषद के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। जागरूकता फैलाने के साथ साथ परिषद की ओर से सेवाभाव के कार्य किये जाएंगे।

इस मौके पर रणजीत भारद्वाज, रमेश शर्मा, सुभाष चंद्र, बलजिंदर कम्बोज, बलकार सिंह, चमेल सिंह, राजकुमार, सन्दीप मैहला, रणधीर लाठर, रविन्द्र सुबरी, ओमप्रकाश लाठर, अभिशैक बाकीपुर, पवन शर्मा, दलीप सिंह, जतिन लाठर, अंकित लाठर, शिव हरि, सतबीर लाठर, अनिल शर्मा, महिन्द्र सिंह, सन्दीप रमाना, बलविंद्र सिंह अन्य मौजूद रहे।

# लोकतंत्र प्रणाली में एक-एक वोट का बड़ा महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अशोक मुंजाल ने बताया कि नगरपालिका चुनाव निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कि नगर पालिका इंद्री में नगरपालिका अध्यक्ष एवं नगर पार्षदों के चुनावों में कुल 13 हजार 420 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इन मतदाताओं में 6 हजार 840 मतदाता पुरुष तथा 6 हजार 579 महिला मतदाता शामिल है। इसके अलावा 1 उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए नगरपालिका के 14 वार्डों में 14 पोलिंग बूथ बनाए गए है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सभी बूथों पर आवश्यक प्रबंध किए गए है ताकि मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने शहर के सभी मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में नगर पालिका के चुनाव में मतदान करें।

# सीए अनुज बंसल करनाल ब्रांच के चुने गए चेयरमैन

**करनाल।** करनाल ब्रांच एनआईआरसी व आईसीएआई की एक बैठक हुई जिसमें कार्यकारिणी समिति का गठन किया। इस अवसर पर सी.ए. अनुज बंसल 2025-26 के लिए चेयरमैन, सी.ए. गोविंद गुप्ता को वाईस-चेयरमैन, सी.ए. मंजु लता को सचिव, सी.ए. साहिल गोयल को कैशियर, सी.ए. विवेक चौहान और सी.ए. सार्थक मित्तल कार्यकारी सदस्य चुने गए। इस मौके पर करनाल ब्रांच की पुरानी कार्यकारणी ने नए सदस्यो को कार्यभार सौंपा और अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सी.ए. अनुज बंसल चेयरमैन ने वहां पर मौजूद सदस्यो का धन्यवाद किया और नए नियुक्त सदस्यो को बधाई दी।



# अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन सख्त

- 10 एकड़ में दो कॉलोनीयों पर पीला पंजा चला कर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

क्षेत्र में कट रही अवैध कॉलोनीयों के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। डीटीपी विभाग की टीम ने आज राधा स्वामी सत्संग घर व कैमला रोड पर काटी जा रही करीब 10 एकड़ में दो कॉलोनीयों पर पीला पंजा चला कर बड़ी कार्रवाई की है। डीटीपी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कॉलोनीयों को पनपने नहीं दिया जाएगा। वीरवार को डीटीपी विभाग की टीम नगर पालिका व पुलिस प्रशासन को लेकर सर्विस रोड पर स्थित राधा स्वामी सत्संग घर के समीप करीब 2 एकड़ में काटी जा रही अवैध कॉलोनी पर पहुंची। और जेसीबी के माध्यम से कॉलोनी में बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़कों को उखाड़ फेंका। इसके बाद विभागीय अधिकारी कैमला रोड पर काटी जा रही एक बड़ी कॉलोनी पर भी कार्रवाई की। इस कॉलोनी में कॉलोनाइजर द्वारा कच्ची मिट्टी से सड़के बना दी गई थी। जिस पर पीला पंजा चला कर कच्ची सड़कों को खुद पुर्द कर दिया। बता दे कि प्रशासन की अनदेखी के कारण घरौंडा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध कॉलोनी के काटे जाने का धंधा लगातार जारी है। कॉलोनाइजरों द्वारा पनौड़ी ,कैमला, हसनपुर रोड व रेलवे फाटक, अराईपुरा रोड पर इस प्रकार की कालोनियां काटी जा रही है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर की जा रही कार्रवाई के डर से कॉलोनाइजरों ने अब इन कॉलोनी में प्लाट बेचने का तरीका भी बदल लिया है। कॉलोनाइजर खेत में खड़ी फसल मे ही नक्शा बनाकर विभिन्न साइजो के प्लांट इत्यादि काट देते हैं। और बिना किसी डीमार्केशन के नक्शे पर ही फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर धड़ल्ले से प्लाट बेच रहे हैं। प्रशासन को तो इन कॉलोनी का तब पता चलता है जब उसे कॉलोनी में 90% के करीब प्लांट बिक चुके होते हैं।

**यह बोले एटीपी**

*घरौंडा के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध कालोनियां काटे जाने की सूचना मिली थी जिसके तहत आज दो अवैध कालोनीयों पर कार्रवाई की गई है। भविष्य में भी इसी प्रकार से ऐसी कॉलोनीयों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। -मोहित कुमार एटीपी करनाल*

## श्रद्धालुओं को रामेश्वरम से रुद्राक्ष लाकर किए वितरित

# शिव महापुराण कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



गांव सग्गा में 17 फरवरी से शुरू हुई शिव महापुराण कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। शिवपुराण कथा व्यास रसिक बिहारी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं व पुरुष शामिल हुए। इस अवसर सभी को रामेश्वरम से लाए गए रुद्राक्ष वितरित किए गए। बाद में विशाल भंडारा लगाया गया। कथा वाचक रसिक बिहारी जी ने अंतिम दिन की कथा सुनाते हुए भक्तों से कहा कि शिव के महात्मय से ओत-प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्ना होकर भक्तों को मनवांछित फल देने वाले हैं। कथावाचक रसिक बिहारी ने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें। जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है।

**भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया**

उन्होंने कहा कि अपने अभिमान में चूर होकर दक्ष प्रजापति ने कनखल में यज्ञ किया। इसमें सभी देवों व ऋषि मुनियों को आमंत्रित कर उन्होंने भगवान शिव की उपेक्षा की। इसकी सूचना सती को अपनी सहेलियों से मिली, इसके बाद शिव के समझाने के बाद भी वे यज्ञ में पहुंच गई। वहां देखा कि भगवान शिव का अपमान हो रहा है। पूछने पर राजा दक्ष ने सती का भी अपमान किया। नाराज सती ने यज्ञ कुंड में ही अपना शरीर त्याग दिया। यह जानकारी जब शिव को हुई, तब वे रौद्र रूप में आ गए और उन्होंने अपने गणों की मदद से कनखल को तबाह कर दिया। कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में 133 प्रत्याशी मैदान में

**पानीपत।** नगर निगम, पानीपत के निर्वाचन अधिकारी एवं उप मंडल अधिकारी ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि नौ मार्च को होने वाले निगम पार्षद व मेयर के चुनाव के लिए पानीपत प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। वहीं सभी 26 वार्डों के लिए प्रत्याशियों की संख्या 127 हो गई है। जबकि मेयर पद के लिए छह उम्मीदवार मैदान में है।

### सनातन संस्कृति को अपनाएं युवा

**पानीपत।** सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान और युवा पीढ़ी को भारतीय धरोहर से जोड़ने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप द्वारा भगवा त्रिशूल यात्रा चलाई जा रही है। यह यात्रा एक मार्च 5 को प्रयागराज से प्रारंभ होकर 29 मार्च को दिल्ली में भव्य महासम्मेलन के साथ संपन्न होगी। यात्रा के माध्यम से 120 पवित्र त्रिशूल विभिन्न राज्यों के चयनित शिवालयों में प्रतिष्ठित किए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी कार्यकारी अध्यक्ष आईएमपीसी राजेश यादव ने दी।

### ट्रेड यूनियनों से वार्ता करें सीएम

**समालखा।** केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष का. राजेंद्र सिंह एडवोकेट एवं सचिव का. हरिप्रकाश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग की है कि प्रदेश में कार्यरत सभी ट्रेड यूनियन संगठनों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर उनसे संबंधित समस्याओं एवं मांगों पर चर्चा कर समाधान का रास्ता निकाले। वहीं, श्रमिकों, निर्माण मजदूरों, स्कीम वर्कर्स समेत अन्य संगठित व असंगठित मजदूरों के हित में है तो मुख्यमंत्री को सभी ट्रेड यूनियन संगठनों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर बातचीत करनी चाहिए।

### फोरमैन देवी सिंह सेवानिवृत्त

**पानीपत।** बिजली विभाग में कार्यरत कुराड़ निवासी कर्मचारी देवी सिंह सैनी अपनी 32 साल की नौकरी के बाद आज सेवा निवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर जहां साथी कर्मचारियों ने गांव छाजपुर स्थित बिजली घर में उनकी विदाई पार्टी दी। वहीं परिजनों ने कर्मचारियों के लिए देवी सिंह सैनी के गांव कुराड़ स्थित निवास पर भोजन का प्रबंध किया। बिजली घर में आयोजित विदाई समारोह में देवी सिंह सैनी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लाइनमैन राहुल कौशिक, कपूर चंद,ब्लाक समिति सदस्य भीम सैनी, सतपाल भारद्वाज, हरीश भारद्वाज, मुकेश सैनी, राकेश सैनी, सुभाष सैनी आदि मौजूद रहे।

### बाल श्रम कराना अपराध है

**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया की सूचना पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट की कार्रवाई में स्टेट क्राइम ब्रांच एस आई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश चहल और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान ने तीन बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवा बाल कल्याण समिति में पेश कर उनकी काउंसलिंग करवाई। यह जानकारी देते हुए एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था सदस्य अजय चौहान बताया कि अभियान के तहत बाल विवाह एवं बाल श्रम मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।

### जनता समाधान शिविर का आयोजन

**पानीपत।** जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों को भगवान ने ये हुनर दिया है की वो हर कार्य को खुशी पूर्वक करें। जनता समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करें। यह हर अधिकारी की बड़ी कामयाबी होगी। उपायुक्त ने कहा कि जिस जिले में समस्याएं कम होती है निश्चित रूप से वह जिला तरक्की करता है।

### बिहार प्रवासी किशोरी लापता

**पानीपत।** पानीपत के गांव बलाना में निवासी कर रहे बिहार प्रवासी श्रमिक की 15 वर्षीय बेटी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने हर संभावित स्थल पर लड़की की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर याद किया

# रमन इफेक्ट वैज्ञानिक इतिहास की एक क्रांतिकारी घटना है: डॉ. अनुपम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के विज्ञान संकाय ने भारतीय भौतिक वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर श्रद्धा और उल्लास भाव के साथ याद किया। आज के सेमीनार की विधिवत शुरुआत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, भौतिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश सिंगला और प्रो. प्रवीण आर खेरडे ने की। उनके साथ डॉ. प्रियंका चांदना, डॉ. राहुल जैन, प्रो. प्रवीण कुमारी, डॉ. बिंदु रानी, प्रो. प्रोमिला भी सेमीनार का हिस्सा बने। इस अवसर पर डॉ. अनुपम अरोड़ा ने बीएससी एवं एमएससी के विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी भविष्य की योजनाओं और सर रमन के कार्यों एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। विदित रहे कि वर्ष 1928 में भारतीय भौतिक विज्ञानी सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन के द्वारा रमन प्रभाव का आविष्कार किया था। रमन प्रभाव का सम्बन्ध प्रकाश के प्रकीर्ण से है। विज्ञान के क्षेत्र में इतनी बड़ी सफलता हासिल करने के लिये भौतिक विज्ञान में चन्द्रशेखर वेंकट रमन को नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. अनुपम अरोड़ा ने महान वैज्ञानिक रमन को याद करते हुए कहा कि पहले लोग यह मानते थे कि समुद्र का गहरा नीला रंग असल में आसमान के नील रंग के प्रतिबिम्ब के कारण है। 1921 में जब डॉ. रमन इंग्लैंड से भारत लौट रहे थे। उन्होंने इस बात को ध्यान से देखा और फिर सिद्ध किया कि इसकी असली वजह प्रकाश का प्रकीर्णन है जिसमें प्रकाश पानी के अणुओं पर पड़कर रोशनी का प्रकीर्णन करता है इससे समुद्र गहरा नीला दिखता है। किस्टिल की स्पेक्ट्रम प्रकृति, स्टिल डाइनेमिक्स के बुनियादी मुद्दे, हीरे की संरचना और गुणों एवं अनेक रंगदीप्त पदार्थो के प्रकाशीय आचरण पर सीवी रमन का किया शोध आज भी मूल्यवान है। असल में 28 फरवरी 1928 भारत के लिए एक महान दिन था जब प्रसिद्ध भारतीय भौतिक शास्त्री चन्द्रशेखर वेंकट रमन के द्वारा भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में आविष्कार हुआ जिसे बाद में रमन इफेक्ट के नाम से जाना गया। रमन विज्ञान के क्षेत्र के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। रमन आधुनिक युग के पहले ऐसे भारतीय वैज्ञानिक थे जिन्होंने विज्ञान के संसार में भारत को बहुत ख्याति दिलाई । भारत सरकार ने विज्ञान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के कारण उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिया है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी उन्हें प्रतिष्ठित 'लेनिन शांति पुरस्कार' से सम्मानित किया है। भारत में विज्ञान को नई ऊंचाइयां प्रदान तथा स्वाधीन भारत में विज्ञान के अध्ययन और शोध को जबरदस्त प्रोत्साहन देने का श्रेय सर रमन को ही जाता है। विज्ञान और अंग्रेजी साहित्य के साथ-साथ संगीत में भी उनकी गहरी रूचि थी और यही आगे चलकर उनकी वैज्ञानिक खोजों का कारण बनी। भौतिक में एमए के दौरान वे कक्षा में कम और कॉलेज की प्रयोगशाला में ही अपने प्रयोग और खोजें करने में व्यस्त रहते। प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि भारत के विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका रही है तथा विज्ञान के क्षेत्र को सदा प्राथमिकता दी गयी है। रमन इफेक्ट का इस्तेमाल आज भी कई जगहों पर हो रहा है। जब भारत के चंद्रयान-1 ने चांद पर पानी होने का ऐलान किया था तो इसके पीछे भी रमन इफेक्ट का ही कमाल था। अनेक पुरस्कारों से सम्मानित सर रमन हर विद्यार्थी के आदर्श है।





पानीपत। एसडी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। पाइट में अथितियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## पर्यावरण अनुकूल रासायनिक प्रक्रियाओं में विज्ञान की भूमिका अहम : डॉ. पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के एप्लाइड साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज विभाग ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। सर सीवी रमन और अन्य महान भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलोजी वाईएमसीए फरीदाबाद से प्रो. डॉ.अमलेंदु पाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने ग्रीन केमिस्ट्री के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूल रासायनिक प्रक्रियाओं और सतत विकास में विज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण है। पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार ने वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जितने अधिक रिसर्च किए जाएंगे, हम उतने अधिक विकसित हो जाएंगे। रिसर्च एवं पेटेंट को हमें अपनी कार्य प्रकृति में लाना होगा। विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनय खत्री ने क्वांटम भौतिकी में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान और इस क्षेत्र में भारत की प्रमुख उपलब्धियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के विषय पर समूह चर्चा रही। 13 छात्रों ने मंच पर अपनी राय रखी। कोमल ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विवेक चौहान प्रथम रहे। डॉ. विनय खत्री ने बताया कि पाइट के 30 छात्रों की टीम ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा किया, जहां उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान और तकनीकी उपलब्धियों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डॉ. शक्ति अरोड़ा, डॉ. दिनेंद्र प्रसाद, डॉ. पाल, डॉ. रचना, डॉ. ललित, डॉ. सोनी और डॉ. अनु मौजूद रहीं।

# पानीपत पुलिस के रिटायर हुए चार अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला पुलिस से इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, आनरेरी इंस्पेक्टर दलसिंह, आनरेरी इंस्पेक्टर हरिचंद व ईएसआई सुरेश कुमार का विभाग में कार्यकाल पूरा होने पर शुक्रवार को सेवानिवृति के अवसर पर सम्मान में जिला पुलिस विभाग की और से लघु सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने चारों पुलिस अधिकारियों को फूलमाला, पगड़ी पहनाकर व उपहार देकर अच्छे स्वास्थय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। वहीं एसपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत हो रहे चारों पुलिसकर्मियों ने इमानदारी से कार्य करते हुए समर्पित होकर विभाग में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की है। इनका कार्यकाल सराहनीय रहा है, इसके लिए ये विशेष रूप से बधाई के पात्र है। इनमे इंस्पेक्टर राकेश शर्मा राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत हो रहे पुलिस अधिकारियों ने अपने जीवन का एक अरसा पुलिस विभाग को दिया है। पुलिस की नौकरी में 24 घंटे तत्पर रहना पड़ता है। इसमे उनके परिवार का भी पूरा योगदान होता है। इसके लिए परिजन भी विशेष रूप से बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा की पुलिस से लोगों को काफी अपेक्षाएं होती है। फरियादी शिकायत लेकर आते है। उनको जब न्याय मिलता है तो वह उस अधिकारी कर्मचारी को हमेशा याद रखते है। कार्य ऐसा करें जिससे हमेशा याद रखे जाए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृति के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है। इस अवसर पर डीएसपी सतीश वत्स, राजबीर सिंह, जिला न्यायवादी राजेश चौधरी और भलाई शाखा इंचार्ज इंस्पेक्टर वेदपाल, जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी ब्रांचो के इंचार्ज एवं सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों के परिजन व सगे संबंधी मौजूद रहे।



पानीपत। लिस कप्तान लोकेंद्र सिंह के साथ रिटायर हुए पुलिस अधिकारीगण।

# अवैध माइनिंग बंद करवाने को पानीपत प्रशासन ने कमर कसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला टास्क फोर्स (माइनिंग) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए रात्रि के समय भी अधिकारियों को दस्तक देनी होगी। जहां जहां अवैध माइनिंग की संभावना है उन पर और चौकसी बरतनी होगी। उपायुक्त ने कहा कि बापौली- सनौली क्षेत्र में और अधिक चौकसी बरतने की आवश्यकता है। अधिकारी इन क्षेत्रों में चौक्कना रह कर कार्य करें। जहां पर ज्यादा अंधेरा रहता है उस जगह को चयनित कर वहां पर और चौकसी बढ़ाये। एक टीम गठित करके इस कार्य को अंजाम दें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए और तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। अवैध माइनिंग को लेकर शिंकजा कसना होगा। पुलिस विभाग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं उपायुक्त ने इसराना टोल प्लाजा के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे टोल के दोनों साइड में बड़े बड़े शैड बनवायें, शौचालय साफ सुथरे रखें उन पर किसी भी प्रकार का ताला न लगायें। टोल के आस पास सड़कों का साफ सुथरा रखें।



पानीपत। जिला टास्क फोर्स की बैठक लेते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया व एसपी लोकेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि





पानीपत। आईबी कॉलेज में वर्कशाप में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डा.शशी प्रभा मलिक। फोटो :हरिभूमि

### साइबर सिक्योरिटी के प्रति जागरूक हो नागरिक

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान संकाय, कंप्यूटर विभाग और स्किल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा नासाकाम फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिन की वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य विषय रोजगारपरक कौशल का निर्माण एआई और नेतृत्व प्रशिक्षण रहा। इस वर्कशॉप में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, बिग डाटा एनालिटिक्स, डाटाबेस मैनेजमेंट फॉर डाटा साइंस, आईटी, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सिक्योरिटी जैसे अनेक विषयों पर चर्चा की गई। वर्कशॉप में ट्रेनर सागर वर्मा रहे। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि आज के समय में विभिन्न तरह के स्कैम हो रहे हैं। इन स्कैम से बचने के लिए सबको साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे विषयों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। वर्कशॉप के संयोजक डॉ.विक्रम कुमार ने कहा कि मशीन लर्निंग में कंप्यूटर को बड़ी मात्रा में डाटा प्रदान किया जाता है। वर्कशॉप के समन्वयक प्रो.अजय पाल सिंह एवं प्रो.अश्वनी गुप्ता ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा क्षेत्र है जिससे हम मशीनों को मानव जैसी बुद्धि प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.निधान सिंह, गणित विभागाध्यक्षा डॉ.अर्पणा गर्ग, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.विक्रम कुमार, भौतिकी विभागाध्यक्षा प्रो. सोनिया, जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो.पवन कुमार, प्रो.संगीता, डॉ.पूनम गुप्ता आदि उपस्थित रहे। वहीं वर्कशॉप को सफल बनाने में विनय भारती , दीप्ति, डॉ. नीतू, मोहित, मिलन, प्रीति, पूजा रूहल, नीरू, पूजा शर्मा, टिंकू, गणेश व संगीता ने अहम भूमिका निभाई।

# नए भारत का निर्माण कर रही है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस: डॉ.शीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नैनो.टेक्नोलॉजी, रोबॉटिक्स आदि विज्ञान से जुड़े विषयों पर पोस्टर प्रजेंन्टेशन एवं पावरपॉइंट प्रजेंन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय से भौतिकी विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रो.डॉ.शीला देवी मलिक ने शिरकत की। मुख्य अतिथि का प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ.शिखा गर्ग सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया की भारत के महान वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता सीवी रमन द्वारा रमन इफेक्ट की खोज की गई थी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नए भारत का निर्माण कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सर सीवी रमन की तरह अपने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और अपने क्षेत्र में और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ.शीला देवी मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय वैज्ञानिकों के सम्मान में मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ.शिखा गर्ग, वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.बलकार सिंह, प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ.गीतांजलि धवन, कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो.अदिति मित्तल, रसायन विभाग से प्रो.सुदेश कुमारी, प्रो. चित्रांश भटनागर, प्रो.अतुल कुमार, प्रो.शशि रोहिल्ला, प्रो.अंकिता, प्रो.शिवानी आदि मौजूद रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। भाजपा नेता अनिल पंवार सिलाई सेंटर का शुभारंभ करते हुए।

### महिला स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें : पंवार

**पानीपत।** ग्राम पंचायत बाल जाटान ने अपने गांव की महिलाओं के लिए गांव में ही सार्वजनिक जगह पर महिला उद्यमिता सिलाई केन्द्र शुरू किया गया। सिलाई केन्द्र का उद्घाटन पंचायत मंत्री के बेटे व भाजपा जिला सचिव अनिल पंवार ने किया। अनिल पंवार ने कहा कि बाल जाटान ग्राम पंचायत की यह बड़ी सराहनीय पहल है। वहीं, जिस प्रकार केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में प्राथमिकता से प्रथम स्थान पर लाने के लिए कार्य कर रही है। इससे महिला जगत में नई क्रांति का उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बना चाहिए। वहीं गांव के सरपंच सुरेन्द्र राठी ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत ने आज प्रथम बैच में गांव की 30 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण किया। महिलाओं की रुचि के अनुसार इस कार्य को भविष्य में भी निरंतर आगे बढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच नरेंद्र राठी, ग्राम सचिव नफे सिंह, पंच प्रीति कादियान, रजिता, किरण शर्मा, प्रवीण देवी, सीमा देवी तथा भाजपा महामंत्री मडलौडा मंडल धर्मबीर नैन आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**इसराना।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गांव डाहर में यंग राइटर एडिटोरियल क्लब के तत्वावधान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार डबास ने की व संचालन बिजेंद्र पाल व अनिल जागलान ने किया। प्राचार्य राजेश डबास ने कहा कि न्यूज पेपर ऐसा माध्यम है जो दुनिया में होने वाली घटनाओं व जानकारी से रूबरू कराता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कुलदीप सिंह व चन्द्र सिंह,

### बाइक चोर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सनौली रोड स्थित बलजीत नगर नाका पर अश्वनी उर्फ अंकुश पुत्र कर्मचंद निवासी कलायत कैथल हाल एकता विहार कॉलोनी को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में संदीप पुत्र बलबीर निवासी एकता विहार कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

सचिव, गौरव रामकरन ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया

# मानवता के लिए 25 नागरिकों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने जिला रेडक्रास सोसाइटी, परिसर में मुख्य अतिथि स्वैच्छिक रक्तदान में शिरकत की और संस्था द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और संस्था द्वारा की जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान सचिव, गौरव रामकरन ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने रिबन काट कर रक्तदान शिविर की शुरूआत की और रक्तदाताओं को रेडक्रास बैज लगाकर व स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जय भगवान ने 90 वीं बार, नरेन्द्र जिंदल ने 85वीं बार रक्तदान किया, जिसकी मुख्य अतिथि ने प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुये कहा कि रक्तदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। मानव रक्त ही दूसरे जरूरमंद व्यक्ति के काम आ सकता है। रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रक्तदान शिविर में जरूरत अनुसार लगभग 25 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया। सचिव ने बताया कि रेडक्रास रक्तबैंक के माध्यम से प्रत्येक वर्ष लगभग 150 रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है और लगभग 8000 से अधिक रक्त ईकाईयां एकत्रित की जाती है और जरूरमंद मरीजों को एमरजैंसी के समय रक्त उपलब्ध करवाया जाता है। इस अवसर पर अंकुश मिगलानी उपाध्यक्ष द्वारा सीमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट से देवेन्द्र माथुर, एलसीपी इन्टरनेशनल कपिल अनेजा, जन सारथी फाउंडेशन से बृज मोहन शर्मा, सेवा दिल से आशीष जैन, पानीपत रोटरी रैनबो से सचिन गर्ग, राहुल अग्रवाल, विवेक शर्मा को रेडक्रास रक्त बैंक की सहायतार्थ उपकरण व वित्तिय मदद देने पर प्रंशसा पत्र देकर सम्मनित किया गया। मुख्य अतिथि ने रेडक्रास भवन में चलाई जा रही गतिविधियां जिसमें रेडक्रास रक्त बैंक, कम्पयूटर प्रषिक्षण केन्द्र, टीआई प्रोजेक्ट, वन स्टाप सैंटर, लाइब्रेरी, प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या प्रशिक्षण इत्यादि शामिल है का अवलोकन किया और संस्था द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। डॉ. वीरेंद्र दहिया उपायुक्त एवं प्रधान, जिला रेडक्रास सोसाईटी, पानीपत के मार्गदर्शन में रेडक्रास पानीपत युवाओं, गरीब व जरूरमंद व्यक्तियों/महिलाओं के उत्थान के लिये बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है।इस दौरान हरमेंष चन्द, डा. पूजा सिंघल सहित कार्यालय के बलबीर सिंह, लाल चन्द, जसमेर सिंह, मनोज कुमार, संदीप, विरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, विकास, डा. सोनू सिंह, टआई प्रोजेक्ट कांउसलर किशोर, एम एण्ड ईओ विश्वास गुरप्रीत कौर ओआरडब्लयू आदि मौजूद रहे।



पानीपत। रक्तदाओं का हौंसला बढ़ाते हुए हरियाणा रेडक्रास सोसाइटी के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी आदि। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षकों को हमेशा स्वयं को अपडेट करना चाहिए: राजीव

**पानीपत।** पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने सांई ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल लाडवा में स्कूल के सभी शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा के महत्व एवं बोलचाल के तौर तरीकों पर लेक्चर दिया। इस मौके पर अध्यक्ष राहुल भारद्वाज एवं प्रिंसिपल कविता सिंगल ने राजीव परुथी को सम्मानित किया। राजीव परुथी ने सभी टीचर स्टाफ को अंग्रेजी भाषा के महत्व को बताया एवं बोलने के काफी आसान तरीका बताएं एवं सिखाएं। राजीव परुथी ने कहा हर टीचर को सीखते रहना चाहिए। राजीव परुथी ने सभी टीचर्स को अपील की कि आपको अपडेट रहना है सीखते रहना है। वहीं शिक्षकों ने सवाल पूछे। राजीव परुथी ने सभी को अपने नेचर के अंदर बदलाव लाने को कहा। अध्यक्ष राहुल भारद्वाज ने राजीव परुथी का धन्यवाद किया एवं प्रिंसिपल कविता सिंगल ने भविष्य में जुड़े रहने को कहा । इस मौके पर अमित, दीपक व सिमरन आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**बराड़ा।** गुरुदेव मोहल्ला में घर के बाहर से बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित अरविंद्र कुमार ने बताया कि बीती 18 फरवरी को दोपहर 2 बजे उसने अपनी काले रंग की डिस्कवर बाइक को अपने घर के बाहर खड़ा किया था। जब वह कुछ समय बाद वापस आया, तो बाइक वहां से गायब मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है।

### शिविर में शिकायतों का किया समाधान

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी। विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के निवारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिला एवं उपमण्डल स्तर पर समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में उमण्डल में भी समाधान शिविर लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। विज्ञान दिवस समारोह का मुख्य विषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैज्ञानिकों का योगदान था। इस अवसर पर पीपीटी प्रस्तुति और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें कुल चौदह विद्यार्थीयों ने भाग लिया। प्रोफेसर अनिल सैनी, डॉ. रीमा संधू, राज रानी और डॉ. प्रिया ढींगरा ने दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। नवनीत कौर ने पहला स्थान प्राप्त किया और दूसरा और तीसरा स्थान खुशी और वेद सिंह ने प्राप्त किया।

### रामपुर और भूरेवाला में कैंप का आयोजन किया

**नारायणगढ़।** उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. नरेश ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा उपमंडल के गांवों में आत्मा स्कीम/ (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) कृषि प्रोद्योगिकी प्रबंध एजेंसी के तहत कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इनका मुख्य उद्देश्य किसानों को जागरूक करना व विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों का लाभ उपमंडल प्रत्येक किसान तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में गांव रामपुर व भूरेवाला में कैंप का आयोजन किया गया।

### निबंध प्रतियोगिता में पारस ने मारी बाजी

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में आईआईसी. इंस्टीट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पारस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मोहित सैनी व अतुल कुमार ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया जबकि पुष्पा तृतीय स्थान पर रहीं।

## डिप्टी मेयर ने फिर मारी पलटी, अब भाजपा का दामन थामा

# मुख्यमंत्री बोले-पूरे प्रदेश से हो जाएगा कांग्रेस का सूपड़ा साफ

### विस चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे मेहता, बोले लुप्त हो रही कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





**अंबाला।** सीएम नायब सैनी डिप्टी मेयर राजेश मेहता को पार्टी में शामिल करवाते हुए व मौजूद लोग। *फोटो: हरिभूमि*

निकाय चुनाव में मतदान से ऐन पहले शुक्रवार को डिप्टी मेयर राजेश मेहता पलटी मार गए। इस बार वे कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सीएम नायब सैनी ने पटका पहनाकर मेहता का पार्टी में स्वाग किया। डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने विधानसभा चुनाव के दौरान हरियाणा जनचेतना पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राजेश मेहता का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहाकि कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा सियासी नुकसान है सीएम नायब सैनी शुक्रवार को मेयर पद के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर आयोजित जन आशीर्वाद रैली में पहुंचे थे। उन्होंने अपने आधे घंटे के भाषण में कांग्रेस और केजरीवाल पर निशाना साधा। साथ ही बीच-बीच में अपने मजाकिया अंदाज में कार्यकर्ताओं को हंसाया भी। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि सिर्फ अंबाला में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश से कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जहां अरविंद केजरीवाल पर खूब हल्ला बोला और आने वाले दिनों में पंजाब में भी भाजपा का परचम लहराने की बात की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार को मात्र 100 दिन हुए है और 100 दिन के अंदर 18 महत्वपूर्ण फैसले लिए है और 10 फैसले ऐसे हैं, जिनकी आर्थिक और प्रशासनिक अनुमति बाकी है। जो जल्द आ जाएगी तो कुल 28 फैसले ऐसे होंगे जिसका फायदा सीधे आम आदमी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा, विधानसभा और दिल्ली चुनाव के बाद नगर निकाय के चुनाव करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सोचा कि कढ़ाई तो चढ़ ही रही है, लगे हाथ यहां भी भाजपा को जिताकर जलेबी बांटी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग कहते हैं कि असीम गोयल विधायक नहीं बने तो उनकी चल नहीं रही। उन्होंने हंसते हुए कहा कि असीम गोयल की विधायक से ज्यादा चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम में फंड की कमी नहीं आने दी जाएगी। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि कांग्रेस लुप्त होती जा रही है। इस बार पूरे प्रदेश में कांग्रेस की कोई सीट देखने को नहीं मिलेगी। कांग्रेस के लोग एसी कमरे में बैठकर सिर्फ ट्वीट करते हैं।

### केजरीवाल को जमकर घेरा

सैनी ने एक बार फिर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल को जमकर घेरा और उनके द्वारा हरियाणा पर यमुना में जहर घोलने के आरोप पर केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेवार व्यक्ति की ओर से इस तरीके के बयान लाखों लोगों की जान खतरे में डाल सकते थे लेकिन वह केजरीवाल के बयानों को झूठलाने के लिए और उनके बयानों को सुधारने के लिए खुद यमुना मैया के पास गए और यमुना का पानी पीकर साबित किया कि यमुना के पानी में जहर नहीं है। मुख्यमंत्री ने हंसते हुए कहा कि मैंने यमुना मैया से केजरीवाल का सूपड़ा साफ करने का आग्रह किया था। दिल्ली चुनाव में केजरीवाल का सुपड़ा साफ हो गया है। मुख्यमंत्री ने हंसते हुए कहा कि केजरीवाल तो अब तक बेहोश हैं, उन्होंने तो पानी भी नहीं मांगा।



**अंबाला।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

# फूल रंगोली प्रतियोगिता में कविता ने मारी बाजी

- राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हुई विज्ञान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान परिषद एवं आईआईसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम था /"वैज्ञानिक और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना—विकसित भारत/"। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रजनी सैनी के दिशा-निर्देशन में इस आयोजन के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिनमें रंगोली प्रतियोगिता, जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता, फूल सज्जा प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता शामिल थी। इन प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आधारित थीम निर्धारित किए गए, जिनमें रमन प्रभाव, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी, दैनिक जीवन में रसायन, साइबर सुरक्षाः खतरे और जागरूकता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पुष्प रंगोली, संरचनात्मक रसायन, पर्यावरण संरक्षण, प्राचीन गणित से आधुनिक गणित का सफर और 3डी ज्यामितीय रंगोली जैसे विषय प्रमुख थे।इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न संकायों से 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### पुरस्कार वितरित

कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. देशराज बाजवा ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान परिषद के सभी सदस्यों के समर्पित प्रयासों से यह आयोजन सफल रहा। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपने ज्ञान और नवाचार को विकसित करने का संकल्प लिया।

# अंबालाः जिला बार एसो.के अध्यक्ष बने सतपाल, एडवोकेट विकास बने सचिव

- एडवोकेट अरविंद गोयल को मिली उपप्रधान की जिम्मेदारी, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण को मिली सबसे बड़ी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष एडवोकेट सतपाल सिंह वकीलों के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का ऐलान हो गया। एडवोकेट सतपाल सिंह एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने पेचीदा मुकाबले में एडवोकेट इकबाल सिंह को शिकस्त दी है। एडवोकेट अरविंद गोयल उपप्रधान व एडवोकेट विकास शर्मा को सचिव की जिम्मेदारी मिली है। नई कार्यकारिणी के लिए 1199 वकीलों में से शुक्रवार को 1076 वकीलों ने मतदान किया था। शाम को जारी किए गए परिणाम में एडवोकेट सतपाल सिंह को 662 वोट मिले जबकि एडवोकेट इकबाल सिंह को 411 वोट पर संतोष करना पड़ा। सतपाल ने 251 वोट से जीत हासिल की। उपप्रधान पद के लिए इस बार त्रिकोणिए मुकाबला था। हालांकि एकतरफा मुकाबले में एडवोकेट अरविंद गोयल ने 145 मतों से जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एडवोकेट संदीप शर्मा को शिकस्त दी। अरविंद गोयल को 509 व संदीप शर्मा को 364 वोट मिले। एडवोकेट आशुतोष अग्रवाल 201 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सचिव पद के लिए भी इस बार तीन उम्मीवार मैदान में थे। यहां एडवोकेट विकास शर्मा ने जीत का परचम लहराया। उन्होंने एडवोकेट दीपक कुमार को 172 वोट से हराया। विकास शर्मा को 507 व दीपक कुमार को 335 वोट मिले जबकि तीसरे उम्मीदवार को 229 वोट हासिल हुए। संयुक्त सचिव के पद पर एडवोकेट गौरव यादव ने जीत हासिल की है। गौरव ने निकटतम प्रतिद्वंदी अंजू बाला को 140 वोट से शिकस्त दी। गौरव को 467 व अंजू बाला को 327 वोट मिले। तीसरे उम्मीदवार सुरेश वनवाल को 276 वोट हासिल हुए। चुनाव से पहले ही राकेश कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया था। कार्यकारिणी सदस्य के लिए एडवोकेट प्रवीण रानी ने सबसे बड़े जीत हासिल की। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी कविता को 466 वोट से हराया। एडवोकेट प्रवीण को 766 व कविता को 300 वोट हासिल हुए। इसके अलावा मोहम्मद नईम, दीपक कुमार व शुभम को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी सदस्य चुन लिया गया था।

### नारायणगढ़: राजबीर बने अध्यक्ष

**नारायणगढ़।** बार एसोसिएशन के चुनाव में शुक्रवार को प्रधान पद के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिली। एडवोकेट राजबीर सिंह को एक मत से विजयी घोषित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट हरीश शर्मा ने बताया कि प्रधान पद के चुनाव में 249 वकीलों ने वोट डाली। 2 मत अवैध पाए गए। 4 मत ऐसे थे जो कि विवादित थे। चुनाव अधिकारी के अनुसार एडवोकेट राजबीर सिंह को 122 मत तथा एडवोकेट गौरव गोयल को 121 मत मिले। इस प्रकार राजबीर सिंह को 1 मत से विजयी घोषित कर दिया गया। इससे पूर्व उपप्रधान पद के लिए एडवोकेट अवतार सिंह, सचिव पद के लिए एडवोकेट अक्षिता, कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट सुरेंद्र सैनी तथा सहसचिव पद के लिए एडवोकेट देवेंद्र गिल पहले ही निर्विरोध चुने गए हैं।

# प्रचार में विरोधी प्रत्याशी पर भारी पड़ी अमीषा, अंबाला की मेयर बनना तय

## प्रचार के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार ने भाजपा के दस साल के राज पर बोला तीखा हमला

- कहा अधूरी लटकी योजनाएं व खराब सफाई व्यवस्था खुद बयान करती है विकास का सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





शहर नगर निगम के मेयर उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को प्रचार बंद हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला पूरे प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार पर भारी रही। इसी वजह से अब उनका मेयर बनना तय माना जा रहा है। इसी वजह से विरोधी प्रत्याशी के प्रचार के लिए खुद सीएम नायब सैनी को मैदान में आना पड़ा। हालांकि उनके प्रचार का भी अब रिजल्ट पर असर नजर आने वाला नहीं है। प्रचार के दौरान अमीषा चावला ने भाजपा के दस साल के राज पर खूब वार किए। अमीषा ने शहर की टूटी सड़कों को लेकर भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। कहा कि दस साल से लोग टूटी सड़कों पर ही हिचकोले खाने को मजबूर हैं। न सड़कों का निर्माण हुआ न ही रिपेयर। केवल कमीशन के लिए इंटरलॉकिंग टाइलों के निर्माण को प्राथमिकता दी गई। 33 करोड़ की लाइटें निगम के गोदाम में कंडम हो गई। लोगों को अंधेरे में ही अपनी जिंदगी बसर करनी पड़ रही है। शाम होते ही रिहायशी कॉलोनियां अंधेरे में डूब जाती हैं।

### सफाई के नाम पर घोटाले

अमीषा चावला ने प्रचार के दौरान सफाई का मुद्दा बेहद प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि अफसरों से मिलकर भाजपा के कई नेता सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये के घोटाले कर गए। उन्होंने कहा कि न तो शहर साफ हुआ न ही गंदगी। रिहायशी कॉलोनियों में लोग कूड़े के ढेरों से परेशान हैं। नाले-नालियां भी गंदगी से अटे पड़े हैं। बरसाती सीजन में यही नाले जनता के लिए आफत बनते हैं।

### चौकों के निर्माण में घोटाले

चावला ने कहा कि दस साल के राज में भाजपा ने केवल चौकों का ही निर्माण करवाया। अंबाला शहर में जितने भी चौक बने उनके निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। मजे की बात है कि दस साल की लागत से बनने वालो चौक का निर्माण कार्य कई गुणा महंगे दामों पर हुआ।

### विकास को तरसे गांव

नगर निगम एरिया में एक दर्जन से ज्यादा छोटे बड़े गांव हैं। पिछले चार सालों से इन गांवों में निर्माण के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगी। न इन गांवों में परोपर सफाई हो रही है न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है। उल्टा ग्रामीणों को अब प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस भेजकर डराने का काम किया जा रहा है। नाले-नालियों के साथ किसी गली तक का निर्माण इस गांवों में नहीं हो पाया। जबकि निगम इन गांवों की खाली पड़ी जमीनों व तालाबों का व्यवसायिक इस्तेमाल कर अपनी झोली भर रहा है।

### एनडीसी व एनओसी बनी मुसीबत

कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला ने एनडीसी व एनओसी की समस्या को लेकर भी भाजपा सरकार को खरी खरी सुनाई। उन्होंने कहा कि दोनों ही समस्याएं जनता के लिए ऐसी बीमारी बन गई जिनका उपचार नहीं हो पा रहा। एनडीसी व एनओसी के नाम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला। कई अफसर व कर्मचारी अपनी जेब भर रहे हैं। न चाहते हुए भी लोगों को अपनी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवाने के लिए अफसरों को एनडीसी के नाम पर घूस देने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### पानी की निकासी भी आफत

प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला ने बरसाती पानी की निकासी के मुद्दे को लेकर भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बरसात होते ही शहर के लोग सहम जाते हैं। इन लोगों को अपने घरों में जलभराव होने का डर सताने लगता है। सबसे ज्यादा दिक्कत पॉशर एरिया सेक्टर 8, 9 व 10 के लोगों को होती है। इंको पुल के नीचे भी कई फुट पानी जमा हो जाता है। ऐसी ही स्थिति, शहर रेलवे स्टेशन, जंडली, घेल के पास बने अंडरपास की भी है। बरसाती पानी जमा होने से इन अंडरपास से निकलना मुश्किल हो जाता है। वजह से लोगों की कनेक्टिविटी टूट जाती है।

### आदमखोर कुत्ते बने आफत

अमीषा चावला ने शहर की सड़कों पर घूमते बेसहारा जानवरों व आदमखोर कुत्तों को लेकर भी सत्ताधारी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार में होते भी भाजपा दस सालों में न तो बेसहारा जानवरों की समस्या का समाधान कर पाई न ही आदमखोर कुत्तों के खौफ को खत्म कर पाई। कहा कि ऐतिहासिक नौरंगराय तालाब, बाल भवन, महावीर पार्क, नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग, लघु सचिवालय भवन व महिला कॉलेज की नई ईमारत सालों से अधर में लटकी पड़ी है।

# पोस्टर मेकिंग में गरिमा प्रथम और अल्का दूसरे स्थान पर रही

- संत मोहन सिंह खालसा लबाना कॉलेज में राष्ट्री विज्ञान दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



**बराड़ा।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ। *फोटो: हरिभूमि*

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन बीएससी साइंस विभाग की प्रो. शबनम और प्रो. जसलीन की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने बताया कि देश में पहला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 1987 को मनाया गया था। 1928 में सर सीवी रमन द्वारा की गई रमन प्रभाव की खोज के लिए वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार ने 1986 में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद की सिफारिश पर इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिवस विज्ञान के प्रति जागरूकता फैलाने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और समाज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महत्व को समझाने के लिए मनाया जाता है। प्रो शबनम और प्रो जसलीन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं को विज्ञान के महत्व से अवगत कराया। बीएससी साइंस की छात्राओं ने अपने पोस्टरों के माध्यम से विज्ञान के योगदान और आधुनिक जीवन में उसकी भूमिका को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा ने, द्वितीय स्थान अल्का ने व तृतीय स्थान पर श्रुति ने तथा सांत्वना पुरस्कार सुखप्रीत ने पाया। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि की ओर से कार्यक्रम आयोजित

# संगीत की कला से सबको मंत्रमुग्ध किया

- दूसरों को देने के भाव से मिलेगी तनाव से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** श्रद्धालुओं को संबोधित करती बीके बहनें व मौजूद लोग। *फोटो: हरिभूमि*



ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि कंच घर द्वारा महाशिवरात्रि उत्सव पर सेक्टर 9 के अग्रवाल भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चंडीगढ़ से पधारी मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका व मोटिवेशनल स्पीकर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी ने /" *तनाव मुक्त जीवन* /" विषय पर बताते हुए कहा कि हम तनाव मुक्त तभी हो सकते हैं जब हम दूसरों को हमेशा देने का भाव रखेंगे। हमारे पास जो कुछ भी है वह दूसरे को देने का अभ्यास करें तो हमारे सारे पाप समाप्त हो जाएंगे। जैसा कि हमने सुना है कि 'नेकी कर दरिया में डाल' अर्थात इतनी नेकी करो जो हमेशा सबको कुछ न कुछ देते रहो लेकिन अब के माहौल में नेकी कर और अपनी जेब में डालिए ये कहावत हो गई है। हमेशा अपने शब्दों में किसी को प्यार देने व उसकी सच्ची प्रशंसा करने का भाव रखें, जिससे उसको मोटिवेशन मिलेगा वह उसका उमंग उत्साह बढ़ेगा और तनाव अपने आप ही समाप्त हो जाएगा। दूसरों की प्रशंसा करना सीखे दूसरों को देना सीखे अपने घर वालों की वह अपने प्रियजनों की प्रशंसा करो जो कुछ भी वह हमारे लिए कर रहे हैं उसके लिए उनकी तारीफ उनका शुक्रिया करो। पॉजिटिव बातें करने से बीमार व्यक्ति भी बहुत जल्दी स्वस्थ महसूस करता है उसकी बॉडी बहुत जल्दी हिल होती है। जैसे भगवान दाता है वह हमेशा हमें देता है वैसे ही हमें भी दूसरों को देने का भाव रखना है। आज यहां से यह संकल्प लेकर जाना है कि मैंने हमेशा दूसरों को कुछ देना है।

### तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सीखने की जरूरत

मुख्य अतिथि एवं डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था में आकर मुझे बहुत शांति मिलती है। इनका तो मंत्र ही है *ओम शांति*। उन्होंने कहा हमें इन बहनों द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग के अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सीखने की विशेष आवश्यकता है। वशिष्ट अतिथि आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने कहा ब्रह्माकुमारी पूरे विश्व में महिलाओं द्वारा चलाई जाने वाली इकलौती संस्था है। जहां पर भगवान का वास होता है।इस संस्था में महिलाओं का पद बहुत ऊंचा है। परमपिता परमात्मा शिव ने भी माताओं को बहुत बड़ा सम्मान दिया है। इसलिए देवी को शक्ति के रूप में पूजा जाता है। वही देवी शक्ति यह ब्रह्माकुमारी बहनें हैं। सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने बहुत सुंदर कमेंट्री के द्वारा सबको प्रभु के समीप का अनुभव कराया। डॉक्टर अदिति, डॉक्टर हिमांशु, डॉ. रोहित, डॉक्टर कृतिका ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। गायक जय गोपाल भाई ने अपने संगीत की कला द्वारा सबको मंत्रमुग्ध किया। कुमारी नव्या व कुमारी अनाया ने भी अपने नृत्य प्रस्तुति द्वारा सबका दिल जीता।